# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


## 11 साल की उम्र मे यूट्यूब सेसेंशन! 135 मिलियन सब्सक्राइबर्स और करोड़ों की कमाई, जानिए कौन है डायना किडिसियुक ?


Publisher

Published on 11 Jun 2025




## 'Kids Diana Show' की छोटी स्टार ने यूट्यूब की दुनिया मे मंचाया तहलका, जानिए कैसे एक साधारण वीडियो ने बदली एक परिवार की किस्मत।

**नई दिल्ली, 11 जून 2025:** यूट्यूब की दुनिया में आपने कई बड़े क्रिएटर्स का नाम सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी एक 11 साल की बच्ची के चैनल के 135 मिलियन से ज़्यादा सब्सक्राइबर्स होने की बात सुनी है?
हम बात कर रहे हैं **डायना किडिसियुक** की — यूट्यूब चैनल "**Kids Diana Show**" की मासूम लेकिन सुपरस्टार फेस, जिन्होंने महज 1 साल की उम्र से वीडियो बनाना शुरू किया और आज वह बच्चों की दुनिया की सबसे चर्चित यूट्यूबर बन चुकी हैं।

**शुरुआत एक पत्ते से हुई थी!**
**डायना का यूट्यूब सफर** 1 साल की उम्र में शुरू हुआ, जब उन्होंने एक पत्ते को खाने की कोशिश करते हुए वीडियो बनाई थी। यह वीडियो सिर्फ दोस्तों और परिवार के लिए बनाई गई थी, लेकिन वायरल होते ही डायना के माता-पिता — **ओलेना** और **वोलोडिमिर** — ने इसे एक फुल-टाइम करियर में बदल दिया।

**अब ग्लोबल ब्रांड बन चुका है Kids Diana Show**
आज डायना का चैनल दुनिया के **टॉप यूट्यूब चैनलों** में शुमार है।
१. **135 मिलियन से ज़्यादा सब्सक्राइबर्स**
२. **20 भाषाओं मे संब-चैनल्स**

३. **हर महीने 10 अरब से ज़्यादा व्यूज़**
४. **सालाना कमाई करीब 10 मिलियन डॉलर (83 करोड़ रुपये)**
५. **Mattel जैसी टॉय कंपनियों से ब्रांड डील**

उनका चैनल अब **यूक्रेन से मियामी** और अब **दुबई तक एक इंटरनेशनल प्रोडक्शन हाउस** के रूप में काम करता है।

कैसे काम करती है डायना की टीम?
१. **ओलेना (मां) वीडियो की स्क्रिप्ट और आइडिया देती है**
२. **वोलोडिमिर (पिता) फाइनेसं और बिजनेस डील्स संभालते है**
३. **एक प्रोडक्शन टीम शूटिंग, एडिटिंग और ब्रांडिंग करती है**
४. **डायना अब अपने तीन भाइयों के साथ मिलकर नए वीडियो बनाती है**

स्टारडम से थोड़ी दूरी, लेकिन दुनिया भर में फैनबेस
डायना बताती हैं कि जब वो बाहर जाती हैं तो फैंस पहचान लेते हैं जिससे उन्हें कभी-कभी थोड़ी असहजता होती है। **अमेरिका, भारत, ब्राज़ील, स्पेन** और **मिडिल ईस्ट** में उनकी भारी फैन फॉलोइंग है। मीट-एंड-ग्रीट इवेंट्स में हज़ारों लोग सिर्फ उनसे मिलने आते हैं।

अब जब डायना बड़ी हो रही हैं, उन्होंने पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए शूटिंग थोड़ा कम कर दी है, लेकिन चैनल लगातार सक्रिय है।

**डायना की सफलता का संदेश**
डायना की कहानी बताती है कि डिजिटल युग में उम्र कोई बाधा नहीं है। एक छोटी बच्ची भी अपनी मासूमियत और रचनात्मकता से करोड़ों लोगों का दिल जीत सकती है और एक सफल ब्रांड बन सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.